Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding water crisis in Biwani-Mahendragarh Parliamentary Constituency.

श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़): अध्यक्ष महोदय, हर खेत को पानी देना माननीय प्रधान मंत्री जी का भी सपना है और देश की नदियों को जोड़ने के काम में जिस तत्परता से भारत सरकार लगी हुई है, वह बधाई की पात्र है । मेरा लोक सभा क्षेत्र भिवानी-महेन्द्रग्रढ़ है, जहां वाटर लेवल बहुत नीचे चला गया है । जब गडकरी जी मंत्री थे, तब छः प्रदेशों - राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली का एमओयू केशव और रेणुका बांध के लिए हो चुका था । लखवार बांध भी बनना था, जिसका एमओयू अभी तक नहीं हुआ है । मैं आपके माध्यम से माननीय शेखावत जी से प्रार्थना करता हूं कि यमुना नदी पर तीनों बांधों में से दो के लिए एमओयू साइन हो चुके हैं । तीसरा लखवार बांध के लिए भी एमओयू साइन करवा कर जल्द से जल्द काम को पूरा करवाया जाए । मेरे क्षेत्र में हमें पीने के पानी की भी दिक्कती होती है । हम आपके माध्यम से आग्रह करते हैं कि यह काम जल्द से जल्द पूरा हो जाए, ताकि हमें पूरा पानी मिल सके ।